# GSEB Std 9 Hindi Textbook Solutions Chapter 15 दाज्यू

**Std 9 GSEB Hindi Solutions दाज्यू Textbook Questions and Answers**

### स्वाध्याय

### 1. सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए :

**प्रश्न 1. मदन का गाँव किस पहाड़ी क्षेत्र में था?**

(अ) मसूरी

(ब) शिमला

(क) दार्जिलिंग

(क) अल्मोड़ा

उत्तर :

(क) अल्मोड़ा

**प्रश्न 2. कहानी के अंत में नए ग्राहक हेमंत को मदन ने अपना नाम क्या बताया?**

(अ) मदन

(ब) पहाड़ो

(क) बाँप

(ड) बेयश

उत्तर :

(क) बाँप

### 2. निम्नलिखित प्रश्नों के एक-एक वाक्य में उत्तर दीजिए :

**प्रश्न 1. मदन का गाँव किस पहाड़ी क्षेत्र में था?**

उत्तर :

मदन का गाँव अल्मोड़ा के पहाड़ी क्षेत्र में था।

**प्रश्न 2. नए ग्राहक हेमंत को मदन ने अपना नाम क्या बताया?**

उत्तर :

नए ग्राहक हेमंत को मदन ने अपना नाम 'बॉय' बताया।

**प्रश्न 3. जगदीशबाबू के व्यवहार से मदन को चोट क्यों लगी?**

उत्तर :

जगदीशबाबू के व्यवहार से मदन को चोट पहुंची, क्योंकि अपने प्रति उसके अपनत्व पर प्रहार किया था।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

## 3. निम्नलिखित प्रश्नों के सविस्तार उत्तर दीजिए :

**प्रश्न 1. जगदीशबाबू को पहले-पहले नए शहर आकर कैसा लगता था?**

उत्तर :

जगदीशबाबू अपने गांव से बहुत दूर के शहर में आए थे। वे अकेले थे। यहाँ का वातावरण उनके गांव के वातावरण से बिल्कुल भिन्न था। गाँव में यहाँ के चौक जैसी चहलपहल नहीं थी। वहाँ कैफे के जैसा शोरगुल नहीं था। उन्हें लगता था जैसे वे अपनेपन की सीमा से बहुत दूर आ गए हैं। इस तरह जगदीशबाबू को पहले-पहले नए शहर में आकर बहुत अकेलापन लगता था।

**प्रश्न 2. प्रारंभ में जगदीशबाबू का व्यवहार मदन के प्रति कैसा था?**

उत्तर :

कैफे में मदन से परिचय होने पर जगदीशबाबू इस नए शहर में अपना अकेलापन भूल गए थे। दो-चार दिनों में मदन उन्हें 'दाज्यू' कहकर पुकारता और वे भी उससे स्नेह से पेश आते। उन दोनों में मौसम संबंधी बातें होती। मदन उनसे उनके कम खाने की शिकायत करता। मदन को वे अपने दाज्यू (बड़ा भाई) जैसे ही लगते थे। इस तरह प्रारंभ में जगदीशबाबू का मदन के प्रति व्यवहार बहुत स्नेहपूर्ण और अपनत्व से भरा-भरा था।

**प्रश्न 3. जगदीशबाबू ने मदन को 'दाज्यू' कहने पर क्यों डाँटा?**

उत्तर :

आरंभ में मदन को अपने क्षेत्र का लड़का समझकर जगदीशबाबू को बहुत अच्छा लगा था। वह उन्हें 'दाज्यू' (बड़ा भाई) कहकर संबोधित करता था। लेकिन आखिरकार मदन कैफे का एक 'बॉय' था, जब कि जगदीशबाबू मध्यमवर्ग के एक प्रतिष्ठित व्यक्ति थे। मदन कैफे में सबके सामने उन्हें 'दाज्यू' कहता था। यह जगदीशबाबू को पसंद नहीं आया। इससे उनकी प्रतिष्ठा को धक्का पहुँचता था। इसलिए उन्होंने 'दाज्यू' कहने पर मदन को डॉटा।

**प्रश्न 4. 'दाज्यू' कहानी में बाल-मन की संवेदना का मार्मिक चित्रण हुआ है- समझाइए।**

उत्तर :

'दाज्यू' कहानी का मुख्य पात्र मदन नौ-दस वर्ष का बालमजदूर है। कैफे में आए जगदीशबाबू से परिचय होने पर उसे बहुत खुशी हुई थी। वे उसके गाँव के पड़ोसी गांव के थे जहाँ बड़े भाई को 'दाज्यू' कहते हैं। कोमल मन के मदन को ऐसा लगा था जैसे उसे उसका बड़ा भाई ही मिल गया हो। दोनों के संबंध में बड़ी निकटता आ गई थी। लेकिन एक दिन 'दाज्यू' कहने पर जब जगदीशबाबू ने उसे डॉटा तो उसके कोमल मन पर गहरी चोट लगी। जिसे वह 'बड़ा भाई' मानता था, उसका बुरी तरह डॉटना वह सहन न कर सका। मैनेजर से सिरदर्द का बहाना करके वह सिसकियाँ भर-भरके रोया। इसके बाद जगदीशबाबू उसके 'दाज्यू' नहीं रहे। वह उनके लिए सिर्फ 'बाय' रह गया।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in